तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 6 अगस्त 2024




11 नवप्रवेशी विद्यार्थियों का किया स्वागत नवीन...



12 संत रामबालक दास ने मुख्यमंत्री साय से की भेंट...




श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc.(N)
M.Sc.(N) | P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 9926129192
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com


## भाजपा शासन में बना था दुग्ध प्रशीतन केंद्र भवन, अब वापसी पर चालू होने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसुमकसा

हम ने बनाया, हम ही संवारेंगे का भाजपा का स्लोगन आदिवासी विकासखंड डोंडी के ग्राम पंचायत कुसुमकसा में निर्मित दुग्ध प्रशितन केंद्र भवन व अंदर रखी कीमती मशीनों का लोकार्पण कराने पर उपयुक्त साबित हो सकता है। लगभग 7 वर्ष पूर्व भाजपा शासन काल में दुग्ध प्रशीतन केंद्र का भवन का निर्माण पूर्ण हो गया तथा केंद्र के संचालन के लिए मशीनों की खरीदी की गई, किंतु भाजपा शासन की सत्ता जाने के बाद कांग्रेस शासन के पांच साल के अंदर शासन प्रशासन ने कोई सुध नहीं ली। लेकिन, वर्तमान में फिर एक बार प्रदेश की सत्ता भाजपा के हाथों में आने से गौपालकों की उम्मीद जागी है कि अब दुग्ध प्रशीतन केंद्र शुरू हो जाएगा और अंचल के गौ पालकों को इसका लाभ मिलने मिलेगा। उल्लेखनीय है कि भाजपा के पूर्व शासनकाल में वर्ष 2016-17 में डोंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक आदर्श ग्राम कुसुमकसा में बालोद जिले का प्रथम दुग्ध डेयरी प्रशीतन केंद्र की स्थापना की गई। लेकिन, सरकार बदल जाने के बाद विभागीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण कांग्रेस शासन के पांच साल के कार्यकाल में भी केंद्र में कार्य शुरू नहीं हो पाया। इसके कारण लाखों रुपयों की लागत से बना भवन व लाखों रुपए के उपकरण बेकार पड़े हैं। वहीं, अब एक बार फिर भाजपा की सरकार बनने के बाद इससे जुड़े लोगों को उम्मीद है कि, दुग्ध प्रशीतन केंद्र का संचालन शुरू हो जाएगा, जिसका उन्हें लाभ मिलेगा।

### भवन निर्माण व उपकरण खरीदी के बाद भी पांच साल में शुरू नहीं हो सका संचालन

#### कई दुग्ध उत्पादकों को बंद करना पड़ा व्यवसाय



उल्लेखनीय है कि कुसुमकसा में बालोद जिले के प्रथम दुग्ध प्रशीतन केंद्र के लिए 17 लाख की स्वीकृति मिली थी। उस समय ग्रामीण पशु पालकों की समिति का गठन कर दूध डेयरी किराए के मकान में संचालित होने लगी थी, जहां कुसुमकसा सहित आसपास के गांवों के पशु पालक दूध लेकर आते थे। यहां प्रतिदिन सुबह 70 से 80 लीटर दूध पहुंचता था, जिसे देवभोग दुग्ध प्रशीतन केंद्र भेजा जाता था। हर 15 दिन में पशु पालकों को दूध की कीमत मिल जाती थी। लेकिन, किराए के मकान में और बिना उपकरण के तीन वर्ष तक समिति के माध्यम से दूध खरीदी के बाद समिति को भवन हस्तांतरित नहीं होने से समिति भंग कर दी गई। उसके बाद जहां कुछ दुग्ध उत्पादकों ने शहर में जाकर दूध बेचना शुरू किया, वहीं कई लोगों को व्यापार बंद करना पड़ गया।

#### अधिकारी ने कही जानकारी लेने की बात



इस संबंध में डीके सिहारे डिप्टी डायरेक्टर पशु पालन विभाग बालोद ने बताया कि दुग्ध प्रशीतन केंद्र का संचालन दुग्ध महासंघ रायपुर (छत्तीसगढ़) के देवभोग दुग्ध सहकारी समिति के माध्यम से किया जाता है। पशु पालकों के दुग्ध डेयरी संचालन समिति का गठन भी उनके द्वारा कराया जाता है। पशु पालन विभाग पशु पालकों का पंजीयन कराने में सहयोग करती है। साथ ही दुग्ध प्रशीतन केंद्र चालू नहीं होने के संबंध में जानकारी नहीं है, पता करता हूं।

### खबर संक्षेप

#### 15 अगस्त को बंद रहेंगी मदिरा दुकानें

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को जिले के देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान बालोद एवं विदेशी मदिरा दुकान तथा मद्य भण्डागार बालोद को पूर्णतः बंद रखने के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने शासन के निर्देश बिंदु 16(16.1) के अंतर्गत जिले की देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान एवं विदेशी मदिरा दुकान तथा समस्त मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता को 15 अगस्त को बंद रखने के निर्देश दिए हैं। इस अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

#### पेंशनर समाज की बैठक कल

**गुरूर।** छत्तीसगढ़ राज्य पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर की मासिक बैठक शासकीय प्राथमिक विद्यालय भवन पुरुर में 7 अगस्त को रखी गई है। छत्तीसगढ राज्य पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर जिला बालोद अध्यक्ष सेवाराम तेजस्वी ने बताया बैठक में आय–व्यय की समीक्षा, पेंशनरों की समस्याओं का समाधान, नये पेंशनरों का अभिनन्दन, पावस ऋतु पर विचार, दिवंगत पेंशनरों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

#### पालक-शिक्षक मेगा बैठक आज

**लाटाबोड़।** स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सेजेस लाटाबोड़ में 6 अगस्त को पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया जाएगा। संकुल समन्वयक एचसी साहू व संकुल प्राचार्य सीएल सिन्हा ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी पालकों में उनके बच्चों एवं विद्यालयों की संपूर्ण गतिविधियों के संबंध में जागरूकता लाना है।

#### छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र वितरण आज से

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा संचालित हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी की मुख्य, अवसर, क्रेडिट व आरटीडी के लिए प्रवेश पत्र का वितरण 6 अगस्त से किया जा रहा है। परीक्षा प्रभारी व्याख्याता ए. सहारे ने बताया कि संबंधित परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र स्कूल के समयानुसार 11 बजे से 4 बजे तक शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडी लोहारा में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं।

#### आरोपियों को पकड़ने वाले दो आरक्षक पुरस्कृत

**भिलाई।** लूट के अपचारी बालकों को पकड़ने में सफलता हासिल करने वाले दो आरक्षकों को एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने नगद पुरस्कृत किया है। जिसमें वैशाली नगर थाना में पदस्थ आरक्षक आवेश सिद्धकीय, नितेश पाण्डेय है। उरला बस्ती वार्ड 58 निवासी रमेश सिसोदिया अपने काम से रात को घर लौट रहे थे। इस दौरान उनके साथ कुछ लोग उनकी बाइक एमपी 48 एमडब्लू 0479 रोक कर उनके साथ गाली गलौज कर उनके जेब से मोबाइल और नगदी रकम, बाइक को लूट कर फरार हो गए। घटना 31 जुलाई की है।

**समस्या :** ग्राम सिवनी में मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर खबर प्रकाशन के बाद औपचारिकता

## सड़कों के गड्ढों को छिपाने बिछा दी बजरी वह भी आधी-अधूरी, समस्या बरकरार





हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

ग्राम सिवनी में निर्माणाधीन सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर हरिभूमि ने रविवार को प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित किया था। उसके बाद संबंधित विभाग और ठेकेदार ने सड़क के गड्ढों को भरने जीरा गिट्टी बिछा कर खानापूर्ति कर दी।

दरअसल जीरा गिट्टी भी अधूरी बिछाई गई है। सड़क पर सैकड़ों गड्ढे हैं, जिन्हें दबाने के लिए महज औपचारिकता बरतते हुए जीरा गिट्टी को कुछ गड्ढों में डालकर खानापूर्ति कर दी गई। जबकि, कई जगहों पर गड्ढे पहले की तरह यथावत हैं।

इस पूरे मामले को लेकर ग्राम पंचायत सिवनी के सरपंच दानेश्वर सिन्हा ने कहा कि सड़क निर्माण को लेकर करीब तीन माह पूर्व संबंधित विभाग और ठेकेदार से बात की थी। उन्होंने बारिश से पहले गांव की सीसी रोड को बनाकर तैयार करने संबंधित विभाग को कहा था, लेकिन अब तक सीसी सड़क बनकर तैयार नहीं हुई है।

### 15 अक्टूबर तक नहीं हो सकता डामरीकरण, मौसम खुलने पर बन सकती है सीसी सड़क

इस मामले में अनुविभागीय अधिकारी लोकनिर्माण विभाग क्रमांक–2 एएस नाथ ने कहा कि ठेकेदार को बोला था, कि गिट्टी अच्छे से बिछा देना। अभी और बोल दूंगा। लेकिन बारिश के कारण स्थिति जस की तस हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सीसी सड़क का निर्माण हो सकता है, लेकिन ठेकेदार ने मटेरियल कम होने की बात कही है। उन्होंने कहा कि नियमों के अनुसार 15 जून से 15 अक्टूबर तक डामरीकरण नहीं किया जा सकता, लेकिन सीसी रोड बना सकते हैं, पर वह भी मौसम खुलेगा तब ही हो पाएगा।



परेशानी : सिवनी के तांदुला नहर नाला पुल से कलेक्टोरेट मार्ग पर चलना हुआ मुश्किल

सड़क पर सैकड़ों गड्ढे, बारिश ने और बढ़ा दी लोगों की समस्या

15 अक्टूबर के बाद शुरू होगा काम

## रविवार को जिले में दर्जनभर हादसे, एक की मौत 11 घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

रविवार को हरेली त्यौहार के दिन जिले में दर्जन भर से अधिक सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इन हादसों में जहां एक की मौत हो गई, वहीं 11 अन्य लोग घायल हो गए हैं। घायलों का उपचार जिला अस्पताल में जारी है।

- जिला अस्पताल सहित ब्लाक के सीएचसी में भी देर रात तक पहुंचते रहे घायल

सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण तेज रफ्तार और शराब के नशे में गाड़ी चलाना है। जबकि इन्हीं दो लापरवाही से बचने के लिए शासन प्रशासन द्वारा लाखों रुपये खर्च कर जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। इनके अलावा कई संगठनों के लोग भी समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाकर वाहन चालकों से सावधानी बरतने की अपील करते आ रहे हैं। रविवार को हरेली त्यौहार के दिन अलग-अलग सड़क हादसों में 10 घायल लोग हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज किया। इसी तरह ब्लाक मुख्यालयों में भी स्थित सी ए च सी अस्पतालों में सड़क हादसे के केस दोपहर से लेकर देर रात तक पहुंचे। गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम चिचबोड़ में सड़क हादसा हुआ, जिसमें ग्राम बटरेल निवासी 35 वर्षीय ललित साहू पिता गंगाराम साहू की मौत हो गई। इधर जिला मुख्यालय से दल्लीराजहरा रोड और झलमला रोड पर कई जगहों पर सड़क हादसे हुए, जिनमें 11 लोग घायल हुए।

## जिले की सभी 173 संकुलों में पालक-शिक्षक बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी शालाओं में पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने और उन्हें बच्चों की प्रगति से अवगत कराने तथा बच्चों में भविष्य की सम्भावनाओं का आंकलन कर पालकों के साथ समन्वय साधते हुए संयुक्त रूप से परिणाम उन्मुखी प्रयास करने हेतु मंगलवार 06 अगस्त को जिले के सभी 173 संकुलों में सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक पालक–शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया है। मेगा पालक–शिक्षक बैठक के प्रथम चरण के अंतर्गत जिले में 6 अगस्त को संकुल स्तर पर आयोजित कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपादित करने जिले के सभी अधिकारियों को 01–01 संकुल की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अंतर्गत अपर कलेक्टर, जिला कार्यालय में पदस्थ संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों सहित सभी अधिकारी कल 06 अगस्त को जिले के सभी कुल 173 संकुलों में आयोजित बैठक में शामिल होकर मेगा पालक–शिक्षक बैठक की मॉनिटरिंग करेंगे। जिले के सभी अधिकारियों को संबंधित संकुल केन्द्रों का निरीक्षण कर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रतिवेदन करने का निर्देश दिया गया है।

- बैठक की मानिटरिंग के लिए जिले के अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

## काबिज भूमि के पट्टे की मांग को लेकर एसडीएम से मिले नागरिक



हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

नगर के वार्ड क्रमांक 12 झिटी डोंगरी की शासकीय भूमि पर 2015 से पूर्व काबिज सभी पीड़ित हितग्राहियों के मालिकाना हक पट्टा प्रदान करने को लेकर सोमवार को अंतिम चरण में एसडीएम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शिवनाथ बघेल को ज्ञापन सौंपा गया। बता दें कि इससे पूर्व अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं कलेक्टर चंद्रावल को भी ज्ञापन दिया जा चुका है। पट्टा देने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपने के दौरान राय सिंह देवांगन, अनीता सोनी, प्रशांत यादव, कुनेति सेन, झमित मंडावी, संतोष कुमार यादव, पेमिन उइके, संजय श्रीवास, तामेश्वरी यादव विमला साहू सहित अनेक नगरवासी शामिल हुए। बता दें कि मामले को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष विद्या शर्मा तथा पार्षद दसोदा भुआर्य ने भी पीड़ितों की मांगों का समर्थन करते हुए शीघ्र पट्टा प्रदान करने की मांग की है।

## आज इन स्थानों पर लगाए जाएंगे जनसमस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

राज्य शासन के निर्देशानुसार निगम प्रशासन द्वारा आम जनता के मांगों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के लिए जिला मुख्यालय बालोद सहित नगरीय निकायों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नगरीय निकायों के विभिन्न वार्डों में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक आयोजित होने वाली जन समस्या निवारण पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार 06 अगस्त को जिला मुख्यालय बालोद के वार्ड क्रमांक 16 शहीद गैंदसिंह वार्ड एवं वार्ड क्रमांक 17 शीतला वार्ड हेतु शिकारी पारा रंगमंच, नगर पालिका दल्लीराजहरा के वार्ड क्रमांक 13, 20, एवं 21 हेतु वार्ड क्रमांक 20 गांधी चौक दुर्गा मंच में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनसमस्या निवारण शिविर में आम जनता के समस्याओं से अवगत होने एवं शासन के विभिन्न कार्यक्रमों का आंकलन किया जाएगा। शिविर में नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धापेंशन, सामाजिक सुरक्षा, जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन अनुज्ञा, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामातंरण, स्वरोजगार के प्रकरण, तथा नल लिकेज, नलों में पानी का ना आना, नालियों, गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी का बहना, कचरे की सफाई, टूटी–फूटी नालियों का मरम्मत, स्ट्रीट लाईट जैसे समस्याओं का निराकरण मौके पर किया जाएगा। शिविर में करदाताओं से करों की भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा।

### पति-पत्नी के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** घर में घुसकर महिला के साथ चाकू की नोक पर छेड़खानी कर पति के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 331(2), 74, 351 (2), 115 (2), 3(5),25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि बाम्बे आवास जवाहर नगर निवासी मेनका ने शिकायत दर्ज कराया है कि मोहल्ले के सूरज वर्मा एवं बाबी सरदार दोनों में मिलकर 1 अगस्त को पीड़िता के घर में प्रवेश किया। जबरन घुसकर शादी करने का दबाव बना रहे थे। इस दौरान आरोपियो ने हाथ में चाकू रख उसे डरा धमका रहे थे। उसके बाद पति से भी मारपीट कर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने पीड़िता के घर की आलमारी को भी क्षतिग्रस्त किया है। घटना की सूचना डायल 112 पर के पहुचने पर आरोपी मौके से फरार हो गए।

**जिला पंचायत संसाधन केन्द्र में शुरू हुआ दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर**

## पंचायतों के विकास के लिए योजनाएं बनाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिला मुख्यालय स्थित जिला पंचायत संसाधन केन्द्र में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनांतर्गत दो दिवसीय 'पंचायत डेवलपमेंट प्लान' विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण की शुरुआत सोमवार को हुई, जिसमें जनपद स्तर के विभिन्न लाईन विभाग के अधिकारी–कर्मचारी शामिल हुए। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस 9 थीम पर आधारित कार्ययोजना निर्माण पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। इस दौरान विभिन्न विभागों एवं योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से प्रभावी कार्ययोजना बनाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

डॉ कन्नौजे ने सभी लाईन डिपार्टमेंट के अधिकारियों को ग्राम पंचायत स्तर पर बनने वाले जीपीडीपी प्लान में अनिवार्य रूप से अपने ग्राम स्तर अधिकारियों को भेजकर प्लान अनुसार अपने विभागों में अभिसरण करने निर्देश दिए ताकि ग्राम का समग्र विकास प्लान तैयार किया जा सके। सीईओ डॉ. कन्नौजे ने कहा कि ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण में अद्योसंरचना निर्माण, ग्राम पंचायतों में मूलभूत सुविधा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं अधिक से अधिक आजीविका से संबंधित गतिविधियों को सम्मिलित किया जाए।

### प्रशिक्षण में जुटे अधिकारी-कर्मचारी



आज शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वच्छ भारत मिशन के संबंध में दी जाएगी जानकारी

### ग्राम सभा में शामिल होगा सभी विभागों का मैदानी अमला

इससे ग्रामीण क्षेत्र में आर्थिक एवं सामाजिक विकास व रोजगार के अवसरों का सृजन हो सके एवं सभी विभागों के मैदानी अमलों को जीपीडीपी के लिए होने वाले ग्राम सभा में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस महात्मा गांधी नरेगा, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, एन.आर.एल.एम. के विषय विशेषज्ञों द्वारा कार्ययोजना निर्माण में विभागीय योजनाओं को सम्मिलित किए जाने की जानकारी प्रदान की गई। आज दूसरे दिन के प्रशिक्षण सत्र में शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वच्छ भारत मिशन पर जानकारी प्रदान की जाएगी।


पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# महादेव सट्टा एप की रकम मैनेज करने वाले दो सगे भाई गिरफ्तार, इनमें एक दुबई से लौटा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महादेव सट्टा एप से जुड़े दुर्ग निवासी दो सगे भाइयों को गंज पुलिस ने फाफाडीह एक्सप्रेस-वे अंडरब्रिज के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से महंगी कार तथा मोबाइल जब्त किए हैं। इनमें से एक आरोपी यूएई में रहता था, वह वापस दुर्ग लौटकर महादेव सट्टा एप की रकम मैनेज करने के साथ अकाउंट में रकम ट्रांसफर करता था। पुलिस ने जिन दो भाइयों को गिरफ्तार किया है, वे महादेव सट्टा एप के प्रमुख पैनल ऑपरेटरों की टीम में शामिल बताए गए हैं।

पुलिस के मुताबिक, महादेव सट्टा एप संचालित करने के आरोप में यामंत चंद्राकर तथा उसके भाई ओमप्रकाश चंद्राकर को शनिवार देर रात गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में यामंत ने पुलिस को बताया कि वह पूर्व में यूएई में रहकर महादेव सट्टा एप संचालित करने का काम करता था। यूएई से लौटने के बाद वह यहां सट्टा संचालित करता है। पुलिस को यामंत के भाई के कब्जे से एक यूएई का आई कार्ड मिला है। कार्ड की वैधता 16 नवंबर 2022 से 15 नवंबर 2024 तक की है। इससे साबित होता है कि ओमप्रकाश भी पूर्व में महादेव सट्टा एप संचालित करने यूएई में रहता था।

## आरोपियों के तार यूएई से जुड़े, रकम ट्रांसफर करने तथा अकाउंट की व्यवस्था देखते थे

### छत्तीसगढ़ के अलावा इन जगहों का काम देख रहे थे

पुलिस के अनुसार, दोनों भाई महादेव सट्टा एप का काम छत्तीसगढ़ के अलावा बिहार स्थित रोहतास, उत्तराखंड स्थित रूद्रप्रयाग के अलावा दिल्ली, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र के पुणे में देख रहे थे। दोनों भाइयों का महादेव सट्टा एप के संचालक सौरभ चंद्राकर के साथ रवि उप्पल से सीधा संपर्क था।

### ओमप्रकाश के एप्रूवल के बाद रकम ट्रांसफर

पुलिस के अनुसार, ओमप्रकाश का काम बैंक डिटेल देखने के साथ खाता आने पर पास करने का था। ओमप्रकाश के खाता नंबर बताने पर ही संबंधित खाते में रकम ट्रांसफर की जाती थी। इसके लिए उसने वाट्स एप पर रकम ट्रांसफर करने एक ग्रुप बनाया है। ग्रुप में आए नंबर के आधार पर महादेव सट्टा से जुड़े लोग रकम ट्रांसफर करते थे।




### ईओडब्ल्यू को सौंप सकती है गंज पुलिस

महादेव सट्टा एप संचालित करने के आरोप में पुलिस ने जिन दो प्रमुख पैनल ऑपरेटरों को गिरफ्तार किया है। उनसे पूछताछ में कई महत्वपूर्ण खुलासे हो सकते हैं। गंज पुलिस दोनों पैनल ऑपरेटरों को पूछताछ करने राज्य की जांच एजेंसी ईओडब्ल्यू को सौंप सकती है। साथ ही दोनों आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस आने वाले दिनों में महादेव सट्टा एप से जुड़े कुछ और लोगों की गिरफ्तारी कर सकती है।

### वाट्स एप ग्रुप में जड्डू के नाम से परिचित

पुलिस के अनुसार, यामंत का सिम शुभम के नाम से है, वाट्स एप ग्रुप में लोग उसे जड्डू के नाम से जानते थे। यामंत ने पुलिस को बताया कि उसका काम यहां सट्टे की रकम को बैंक डिपाजिट करने के साथ विड्रॉल करने का है। यामंत के अनुसार, महादेव सट्टे की रकम की पूरी लेन-देन वाट्स एप ग्रुप के माध्यम से चलती है।

## खबर संक्षेप



### सीएम साय से मिलकर डॉक्टरों ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ जन चिकित्सा कल्याण समिति बस्तर जिले के अध्यक्ष डॉ. रविप्रताप दुबे के नेतृत्व में अपनी चिकित्सा पद्धति में चिकित्सा कार्य करने अनुमति देने के संबंध में रविवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों की बात ध्यानपूर्वक सुनी और आगे अपनी चिकित्सा पद्धति में कार्य करने के लिए आश्वासन दिया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण देव, वन मंत्री केदार कश्यप, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल भी मौजूद रहे। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश के उपाध्यक्ष डॉ. वीएस राजपूत, डॉ. रविंद्र सिंह, डॉ. वीरेंद्र चंद्राकर, डॉ. वीरेंद्र वर्मा, डॉ. खिलावन साहू, डॉ. चैतराम रजक, डॉ. अजीत बघेल, डॉ. धनुर्जय बघेल, डॉ. मनसुख मंडावी सहित जिले के डॉक्टर उपस्थित रहे।

### बीएसयूपी कॉलोनी की समस्या को लेकर प्रदर्शन

**रायपुर।** काठाडीह स्थित बीएसयूपी कॉलोनी में जनसमस्या को लेकर कांग्रेस सेवादल यंग बिग्रेड के पदाधिकारी निगम मुख्यालय में प्रदर्शन करेंगे। कॉलोनी की बिल्डिंग की जर्जर हालत, साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट बंद रहने को लेकर निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त सचिव शेख शकील और कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश महासचिव डॉ. नेहाल खान ने यह जानकारी दी।

### हरेली पर दक्षिण को मिली सौगात



**रायपुर।** रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रविवार को रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में 3 करोड़ 22 लाख रुपए से ज्यादा के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। श्री अग्रवाल ने मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड संतोषी नगर में 122.11 लाख रुपए, शहिद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड, टिकरापारा में 62 लाख रुपए और महामाया वार्ड में 139.21 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। श्री अग्रवाल ने कहा, उन्होंने कहा, भाजपा सरकार हमेशा से ही विकास को प्राथमिकता देती है और क्षेत्र की जनता को विभिन्न विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### नितिन नवीन ने लगाया एक पेड़ मां के नाम



**रायपुर।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी और बिहार के मंत्री नितिन नवीन ने अपने रायपुर प्रवास के दौरान रविवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में रुद्राक्ष का पौधा लगाया। इस दौरान लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता, आईटी सेल के दीपक म्हस्के, सुरेंद्र पाटनी, अमित मैसेरी, सिद्धांत शर्मा उपस्थित थे।

## समस्या : सारनाथ के स्लीपर में 'नो रूम', दिल्ली की तीन ट्रेनों में वेटिंग अधिक

# ऐसी मजबूरी, खड़े होकर सफर न करना पड़े इसलिए दो स्टेशनों से खरीद रहे टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली प्रमुख 72 ट्रेनों को रद्द करने के बाद रक्षाबंधन पर्व पर घर जाने कई यात्रियों को कंफर्म टिकट के साथ सीधी ट्रेन भी नहीं मिल रही है। रेलवे ने 20 से अधिक ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाने का फैसला लिया है। यूपी, एमपी और दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में वेटिंग फिलहाल 50 से 60 के बीच है, लेकिन टिकट कंफर्म नहीं हुआ तो वेटिंग में सफर भी नहीं कर सकते। इसलिए यात्री वेटिंग टिकट पर अपना पैसा लगाना नहीं चाहते। टिकट बुकिंग को लेकर हरिभूमि ने ट्रैवल्स एजेंसी से बातचीत की। उन्होंने बताया कि ट्रेनों के रद्द होने के बाद रायपुर से 17 से 18 अगस्त के बीच कंफर्म टिकट मिलने की संभावना 80 प्रतिशत घट चुकी है। इस वजह से रायपुर से पंजाब, दिल्ली, मुंबई समेत अन्य महानगरों की ओर जाने वाले यात्री एक ही ट्रेन का दो अलग-अलग जगहों से टिकट बनवा रहे हैं, ताकि उन्हें कंफर्म टिकट मिल सके और दिनभर खड़े होकर सफर करना न पड़े।

खास खबर

छोटे स्टेशनों के स्टॉपेज में यात्री कम होते हैं, इसलिए सीट आसानी से मिल जाती है। ट्रैवल्स एजेंसी के मयंक शर्मा ने बताया कि ट्रेन का टिकट बनाने के दौरान ऐसे स्टेशन भी ढूंढ रहे हैं, जहां से यात्रियों को कंफर्म टिकट मिल सके। छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में दिल्ली के लिए वर्तमान में रायपुर और बिलासपुर से कंफर्म टिकट नहीं मिल रहा है, लेकिन भिलाई पॉवर हाउस, गोंदिया और भंडारा रोड स्टेशन से टिकट लेने पर शाम को कुछ सीटें खाली थीं। वेटिंग अधिक होने से ज्यादातर यात्री अब इस तरह से सफर कर रहे हैं।

**खास बातें**

- छोटे स्टेशनों से बुक करा रहे महानगरों के लिए टिकट, यात्रियों को मिल रही कंफर्म सीट
- बिलासपुर और नागपुर से भी कंफर्म टिकट नहीं



### सारनाथ में स्लीपर की बुकिंग फुल

रायपुर से प्रयागराज जाने के लिए सारनाथ में स्लीपर कोच की बुकिंग फुल हो चुकी है। इसके अलावा दिल्ली जाने के 17 और 18 अगस्त को संपर्क क्रांति, छत्तीसगढ़ व समता के प्रत्येक कोच में वेटिंग 40 से 60 के बीच है। साउथ बिहार एक्सप्रेस में पटना के लिए स्लीपर में 80 से अधिक सीट आरएसी वेटिंग है, थर्ड एसी में 30 और सेकंड एसी में 20 वेटिंग है। हटिया लोकमान्य एक्सप्रेस में रायपुर से मुंबई 17 और 18 अगस्त को स्लीपर में 40 से 50 वेटिंग थर्ड एसी में 20, सेकंड एसी में 15 वेटिंग है। हटिया पुणे एक्सप्रेस में रायपुर से पुणे के लिए 17 अगस्त को स्लीपर में 25 वेटिंग, थर्ड एसी में 55 और सेकंड एसी में 28 वेटिंग है।



### 4 घंटे खड़े होकर, फिर आरामदायक सफर

कंफर्म टिकट के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। ट्रैवल्स एजेंसी ने बताया कि रायपुर में यात्रियों की संख्या अधिक है, लेकिन छोटे स्टेशनों पर महानगरों के लिए यात्री कम होते हैं। टिकट का कोटा काफी बचा होता है। रायपुर से प्रयागराज के लिए सारनाथ में थर्ड एसी में वेटिंग 53 है, लेकिन करगीरोड से टिकट कंफर्म मिल रहा है। इसी तरह पेंड्रारोड से भी पुरी, प्रयागराज जाने कंफर्म टिकट मिलने की संभावना है। रायपुर से इन स्टेशनों का सफर 4 घंटे का है, जिसके बाद यात्री 7 घंटे का सफर कंफर्म सीट पर आराम से कर सकता है। ट्रैवल्स एजेंसी का कहना है कि दो टिकट लेने के बजाय यात्रियों को छोटे स्टेशनों से सीट की उपलब्धता की जांच करनी चाहिए।

## 'गारंटी' पूरी नहीं हुई तो सहायक शिक्षक 5 सितंबर को करेंगे आंदोलन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन की प्रदेश स्तरीय बैठक राजधानी में हुई। प्रदेश अध्यक्ष मनीष मिश्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रदेश पदाधिकारी एवं विभिन्न जिलों से आए जिलाध्यक्ष शामिल हुए। इस मौके पर मोदी की गारंटी में सहायक शिक्षकों से किया वादा पूरा कराने रणनीति बनाई गई। इस दौरान चर्चा हुई कि मोदी की गारंटी पर समय रहते निर्णय नहीं लिया गया तो 5 सितंबर को सहायक शिक्षक अनोखा आंदोलन करेंगे।

- समग्र शिक्षक फेडरेशन की बैठक में हुआ निर्णय

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन वेतन विसंगति के मुद्दे पर आंदोलन की तैयारी में है। फेडरेशन के प्रदेश कार्यालय में रविवार को हुई बैठक में मोदी की गारंटी में किया गया वादा याद दिलाने रणनीति बनाई गई। जिसमें यह तय हुआ कि फेडरेशन की टीम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय औ उनके कैबिनेट मंत्रियों से मिलकर मोदी की गारंटी में सहायक शिक्षकों से किया गया वादा पूरा करने की अपील करेगी। प्रदेश मीडिया प्रभारी राजू टंडन ने बताया, राजधानी में प्रदेश संगठन के पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष बैठक में शामिल हुए।

### बनाई समितियां, दी जिम्मेदारी

बैठक में फेडरेशन में विभिन्न समितियों का गठन किया गया, जिसमें कोर कमेटी, डेलिगेशन कमेटी, ड्रॉफ्ट कमेटी अनुशासन समिति में प्रदेश पदाधिकारियों को स्थान देकर जवाबदारी दी गई है। फेडरेशन ने आगामी आंदोलन की तैयारी को लेकर संकुल, ब्लाक व जिलों में बैठकों के लिए कार्यक्रम जारी किया गया, जिसके संकुल स्तरीय बैठकें 10 अगस्त को प्रदेशभर में आयोजित होगी। इसी तरह 17 अगस्त को ब्लॉक स्तर पर बैठक होगी। 24 अगस्त को जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला मुख्यालयों में आयोजित होगी। बैठक में बसंत कौशिक, सीडी भट्ट ,कौशल अवस्थी, सिराज बक्श, रंजीत बनर्जी, ईश्वर चंद्राकर, अश्वनी कुर्रे ,राजकुमार यादव, शेषनाथ पांडे, राजू टंडन, दिलीप लहरे, रीता भगत, प्रदीप पटेल, नीलम वर्मा, राजेंद्र नवरंग, जिला अध्यक्ष हेमकुमार साहू, दिनेश नायक, शंकर नेताम, राजेश मिश्रा, कोमल साहू, रविंद्र राठौर, रमेश साहू, रामलाल साहू, ढोला राम पटेल आदि उपस्थित रहे।

## यूपीएससी पास करने वाले एससी एसटी अभ्यर्थियों को मिलेंगे एक लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार एससी-एसटी वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी को एक- एक लाख रुपए देगी जिन्होंने यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा 2024 में पास की है। लेकिन यह राशि उन्हें ही दी जाएगी जिनके माता-पिता आयकरदाता नहीं है। आयकरदाता परिवार न होने का शपथपत्र भी देना होगा।

**कल से लिए जाएंगे आवेदन :** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग ने प्रोत्साहन राशि एक लाख रूपए हेतु संघ लोक सेवा आयोग ( यूपीएससी) की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2024 में सफलता प्राप्त करने वाले प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी,एससी) के पात्र अभ्यर्थियों से 6 अगस्त से लिए जाएंगे।

### इन शर्तों का पालन करना होगा

एससी एसटी वर्ग के जो अभ्यर्थी यह राशि लेना चाहते हैं उन्हें सरकार की शर्तों का पालन करना होगा। शर्त ये है कि सबसे पहले छत्तीसगढ़ के मूल निवासी होने का प्रमाणपत्र देना होगा। इसके साथ ही एससी-एसटी वर्ग का होने का स्थायी जाति प्रमाण पत्र भी देना होगा। अभ्यर्थी के माता-पिता या पालक की समस्त स्रोतों से आय, आयकर की श्रेणी में नहीं आता है तथा आयकर दाता नहीं है। इसका शपथ पत्र देना होगा। इसके साथ ही आय प्रमाणपत्र भी देना होगा। संघ लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजिक प्रारंभिक परीक्षा में सफल होने का प्रमाणपत्र या अधिकृत दस्तावेज भी लगेगा। अभ्यर्थी के लिए यह जरुरी होगा कि उसके केंद्र या राज्य शासन कीयोजना के अंतर्गत निःशुल्क रहवासी प्रशिक्षण न लिया हो।

## नए कैथलेब से दिल के मरीजों की एंजियोग्राफी की संख्या होगी दोगुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हृदय संबंधित बीमारी के उपचार के लिए एम्स आने वाले वाले मरीजों की एंजियोग्राफी की संख्या दोगुनी हो जाएगी। रविवार को केंद्रीय राज्य मंत्री ने वहां अत्याधुनिक तरीके से बनाई गई आधुनिक कैथलैब का लोकार्पण किया।

- केंद्रीय राज्य मंत्री ने किया एम्स के आधुनिक कैथ लैब का उद्घाटन

अब तक वहां एक कैथ लैब में एंजियोग्राफी की साप्ताहिक क्षमता 25 से 30 थी मगर नए लैब की मदद से एंजियोग्राफी के साथ एंजियोप्लास्टी की क्षमता भी दो गुनी हो जाएगी। रविवार को केंद्रीय आयुष और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव और प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इसका लोकार्पण किया। माना जा रहा है कि इससे मरीजों की प्रतीक्षा समय को भी कम किया जा सकेगा और अस्पताल की क्षमता में वृद्धि होगी। इसके अलावा नई लैब डीएम कार्डियोलॉजी कार्यक्रम में मेडिकल छात्रों के लिए महत्वपूर्ण प्रशिक्षण केंद्र के रूप में कार्य करेगी।



### वार्डों का निरीक्षण

केंद्रीय राज्यमंत्री ने आपातकालीन बाल चिकित्सा विभाग, ट्रामा-इमरजेंसी और आयुष विभाग का दौरा किया। उन्होंने अस्पताल की सुविधाओं के बारे में कार्यपालक निदेशक अशोक जिंदल के साथ डीन और चिकित्सा अधीक्षक की बैठक भी ली।

## हैदराबाद जाने अब शाम को भी फ्लाइट नए शहरों के लिए उड़ान की उम्मीद

**रायपुर।** शहर से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों की आवाजाही हैदराबाद के लिए होती है। इसके लिए संचालित फ्लाइट का किराया भी सात से आठ हजार रुपए तक होता है। अगले महीने से दोनों शहरों के बीच सफर करने वाले यात्रियों को शाम के वक्त भी आवाजाही का विकल्प मिलेगा। इसके अलावा आने वाले दिनों में अन्य शहरों के लिए भी फ्लाइट संचालित करने की उम्मीद है। हैदराबाद आवाजाही करने के लिए अभी दो ही फ्लाइट हैं। एक फ्लाइट सुबह 11.20 बजे रायपुर से उड़ान भरती है और दूसरी रात 9 बजे टेकऑफ होती है। यात्रियों की संख्या इस फ्लाइट में काफी होती है, जिसका असर यात्री किराए पर नजर आता है। संभावना को देखते हुए इंडिगो द्वारा अगले महीने से यानी 23 सितंबर से रायपुर-हैदराबाद के बीच अपनी तीसरी उड़ान संचालित करने की घोषणा की गई है।

- सितंबर से तीसरी फ्लाइट की नियमित उड़ान

### प्रयागराज 15 अगस्त के बाद शेड्यूल में

रायपुर से प्रयागराज के बीच फ्लाइट 15 अगस्त के बाद शेड्यूल में आने की संभावना है। यह फ्लाइट अपनी पुरानी टाइमिंग के अनुसार रायपुर से दोपहर 12.05 बजे रवाना होकर सवा एक बजे प्रयागराज पहुंचेगी। वहां 25 मिनट रुकने के बाद फिर से उड़ान भरकर 3.20 बजे रायपुर एयरपोर्ट पर उतरेगी। इस फ्लाइट के शुरू होने का इंतजार काफी समय से किया जा रहा था।

## बगीचों, डिवाइडर पर लगे पौधों की देखभाल करने ठेके पर मात्र 85 मजदूर

# निगम के 176 बगीचों में नहीं एक भी माली, कैसे बचेगी हरियाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

15 लाख की आबादी वाले शहर को हरा-भरा बनाने और नागरिकों को शुद्ध आबोहवा देने के मकसद से नगर निगम ने 176 बगीचे विकसित किए, पर बगीचों की देखभाल के लिए न तो माली नियुक्त है, न ही सिंचाई करने और खाद देने वाले कर्मचारी। हालत ये है कि पूरे शहरभर के बगीचों, डिवाइडर पर लगे पौधों की देखभाल करने ठेके पर मात्र 85 मजदूर रखकर खानापूर्ति की जा रही है। ये मजदूर नगर निगम मुख्यालय से लेकर 10 जोन में फैले बगीचों के हिसाब से बेहद कम हैं। नतीजतन देखरेख के अभाव में पौधों की सिंचाई, कटाई-छंटाई से लेकर नए पौधे लगाने का काम ठप पड़ा है।

हरिभूमि सरोकार

### निगम आयुक्त से की है चर्चा

शहर के बगीचों की देखरेख के लिए दक्ष कर्मचारियों की बेहद कमी है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा से इस संबंध में चर्चा हुई है। जोनवाइज सुपरविजन के लिए दक्ष कर्मचारी रखने पर विचार चल रहा है। मैने पूर्व में भी शहर के अर्धविकसित, विकसित बगीचों को बचाने कम से कम 2-2 कर्मचारी रखने का आग्रह निगम प्रशासन से किया था, पर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।

- **सुरेश चन्नावार,** अध्यक्ष, पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग, ननि रायपुर



### हार्टिकल्चर एक्सपर्ट 18 साल पहले रिटायर

नगर निगम के पर्यावरण व उद्यानिकी विभाग में पिछले 18 साल से उद्यानिकी विशेषज्ञ का पद खाली है। जानकारों का कहना है कि साल 2006 में उद्यानिकी विशेषज्ञ के सेवानिवृत्त होने के बाद से यह पद भरा नहीं गया है। इसी तरह उद्यानों का निरीक्षण करने वाले उद्यान निरीक्षक के रिटायर होने के बाद बगीचे की देखभाल प्रभारी के भरोसे से चल रही थी। प्रभारी भी हाल ही में रिटायर हो गए। शर्मनाक बात ये है कि शहर के बगीचों को संवारने में एक माली तक नगर निगम के पास इस समय नहीं है। वैकल्पिक व्यवस्था के नाम पर ठेके पर मजदूर रखकर बगीचों के देखभाल के नाम पर महज खानापूर्ति की जा रही है। जबकि रायपुर शहर देश के 100 चुनिंदा स्मार्ट सिटी में से एक है, जहां बाहरी चमक-दमक के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च हुए, पर हरियाली बचाने की ठोस योजना न निगम प्रशासन बना पाया, न स्मार्ट सिटी प्रबंधन।

### मोतीबाग की नर्सरी चौपट, 3 करोड़ सौंदर्यीकरण पर फूंके

जानकारों का कहना है, एक समय में कंपनी गार्डन के नाम से मशहूर शहर के मोतीबाग में नगर निगम की इकलौती नर्सरी होती थी। जहां अलग-अलग प्रजाति के फूलदार, फलदार पौधे नर्सरी में तैयार कर शहरवासियों को किफायती दाम पर उपलब्ध कराए जाते थे। शहरभर के बगीचों के लिए खाद बनाने का काम इसी नर्सरी से होता था, पर शहर की सबसे पुराने मोतीबाग गार्डन की नर्सरी विभागीय अफसरों की उदासीनता के चलते चौपट हो गई। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 3 साल पहले 3 करोड़ खर्च कर मोतीबाग का सौंदर्यीकरण कराया। बच्चों के लिए साइकिल ट्रेक, भूलभूलैया, नई फिसलपट्टी और झूले सहित नए लाइट और रंगरोगन का काम कराया, मोतीबाग स्थित नगर निगम की पुरानी नर्सरी ध्यान नहीं देने की वजह से चौपट हो गई।

## डिप्टी सीएम साव ने विकास कार्यों के लिए की एक करोड़ की घोषणा

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव रविवार को डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड के चंगोराभाठा स्थित संस्कृति भवन में जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने शहर के वार्डों के विकास कार्यो के लिए एक करोड़ रुपए देने की घोषणा की। श्री साव ने कहा कि पिछले 4 सालों में रायपुर का विकास रुक गया था। किसी का कोई काम नहीं हो रहा था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार सांय-सांय काम कर रही है। 1 तारीख को ही महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाओं के खाते में पैसे आए। अभी तो यह शुरुआत है, रायपुर के विकास के लिए पैसों की कमी नहीं होगी।



नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनसमस्या निवारण का नागरिकों की ओर से भरपूर समर्थन मिल रहा है। लोग अपनी समस्या को लेकर शिविर में पहुंच रहे हैं। नगर निगम सहित किसी भी विभाग की समस्या हो, सभी का निराकरण एक ही जगह पर किया जा रहा है। इससे आम जनता को बड़ी राहत मिल रही है।

## खबर संक्षेप



### राज्य पुरस्कार पूर्वाभ्यास शिविर का आयोजन

**दुर्ग।** जिला स्तरीय राज्य पुरस्कार पूर्वाभ्यास शिविर का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला करंजा भिलाई में आयोजित किया गया। जिला संगठन आयुक्त गाइड नेहा राजपूत ने बताया कि इस शिविर में शाउमा विद्यालय सेमरिया, लिमतरा, करंजा भिलाई, रुआबांधा, गब्दी, सेजस जामुल एवं सेलूद और दीपशिखा विद्यालय दुर्ग के चयनित स्काउट्स, गाइड्स, रोवर, रेंजर प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस शिविर में स्का गाइडिंग के विभिन्न मापदंडों, स्काउटिंग इतिहास, मूवमेंट, स्काउट नियम, प्रतिज्ञा, मैपिंग, रस्सी की विभिन्न फांसो, गांठों, लेसिंग, टेंट पिचिंग, फर्स्ट एड अनुमान लगाना इत्यादि के आधार पर पूर्वाभ्यास कराया गया। शिविर में अध्यक्ष जिला संघ दुर्ग अशोक देशमुख ने प्रतिभागियों को सम्बोधित कर शिविर की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और स्काउटिंग गाइडिंग के जीवन में महत्व को समझाते हुए दिशा और मानचित्र विषय पर व्याख्यान दिया।शिविर में ब्लाक सचिव धमधा देवेन्द्र देवांगन, भोजन प्रभारी नीरज कुमार साहू, सुश्री रश्मी बंजारे, रेखा शर्मा का सहयोग प्राप्त हुआ।

### साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद का मनाया जन्मदिन



**दुर्ग।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय तितुरडीह दुर्ग में साहित्यकार प्रेमचंद के जन्म दिवस पर उनके साहित्यिक योगदान पर आयोजन किया गया। वरिष्ठ व्याख्याता चरणजीत भुल्लर द्वारा प्रेमचंद के चित्र पर मल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन किया गया। व्याख्याता कैलाश बनवासी ने प्रेमचंद के जीवन और साहित्यिक यात्रा का विस्तार से परिचय देते हुए उन्हें देश के जागरण का अग्रदूत बताया। व्याख्याता मधुबाला कसार ने प्रेमचंद की कहानी बड़े भाई साहब का सार्थक पाठ और विश्लेषण प्रस्तुत किया। शाला के विद्यार्थी तान्या रात्रे, ताम्रध्वज साहू, कुणाल ने भी प्रेमचंद के जीवन और साहित्य पर अपनी बात रखी। इस अवसर पर व्याख्याता जितिंदर लाम्बा, सुरेश कुमार, राजेश मारू, गीता पिल्लई, संगीता गायकवाड़, उज्ज्वला, शिक्षक हितेश कुमार, विवेक राजपूत आदि मौजूद थे।

# पुरानी पाइप लाइनों को करेंगे बंद, व्यर्थ पानी बहाने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

नगर निगम के वार्डों में पेयजल संकट को लेकर विगत दिनों विधायक और महापौर ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में तय किया गया है कि अमृत मिशन के तहत दिए गए कनेक्शन के अलावा पुराने पाइप लाइनों को बंद किया जाएगा, जिससे व्यर्थ उभर रहे पेयजल पर लगाम लगाया जा सके और नल कनेक्शन का प्रेशर बढ़ाया जा सके। इसके लिए, अधिकारियों को 20 दिन का अल्टीमेटम दिया गया है। निगम प्रशासन का दावा है कि, शहर के 60 वार्डों में 21 टंकियां तैयार की गई है, वर्तमान में सभी टंकियां चालू है, इसके बाद भी नल कनेक्शन में प्रेशर नहीं बन रहे हैं। बैठक में अफसर ने बताया कि, अमृत मिशन के तहत दिए गए कनेक्शन के अलावा पुराने कनेक्शन संचालित हो रहे हैं। जिसके चलते शहर में व्यर्थ पानी बह रहा है। इस पर लगाम लगाने व्यर्थ बह रहे कनेक्शन मामले पर कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया है। नगरपालिक निगम के डाटा सेंटर में विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा आयुक्त लोकेश चन्द्राकर समेत अधिकारी, कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि सार्वजनिक एवं घरेलु नल कनेक्शन में वाल्व लगाएं।

## पेयजल एवं सीवर समस्या को लेकर विधायक एवं महापौर ने की समीक्षा

### पटरीपार के वार्डो में मिल रही ज्यादा शिकायत

पानी नहीं आने की ज्यादा शिकायत शंकर नगर एवं पटरीपार क्षेत्रों में है। जिसे सुधारा जाना अतिआवश्यक है। विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा कहा गया कि, शहरी क्षेत्रों के अंदर बीस दिनों के भीतर जिन जिन क्षेत्रों में समस्या है। शहर में 21 टंकियों का निर्माण किया गया है, जिनमें सभी टंकियों को चालू किया गया है। परंतु सभी टंकियों के पुराने लाइनों को बंद नहीं किया गया है। जिन्हें शीघ्र बंद कर नई लाइनों में पानी की सप्लाई करने के आदेश दिए गए हैं। बैठक में बताया गया कि पुराने एवं नए पाइप लाइन से पानी की सप्लाई की जा रही है, जिसके कारण कई जगह पानी के प्रेशर में कमी आती है। सभी गलियों को पाइप लाइन से जोड़ने की योजना शीघ्र अतिशीघ्र बनाये ताकि पर्याप्त मात्रा में पानी की सप्लाई हो सके।



### कार्रवाई किए जाने का फैसला

बैठक में कहा गया कि, शहर में कहीं भी पेयजल की समस्या न हो तथा नलकूप की मोटर खराब होने पर समय सीमा में आवश्यक रूप से ठीक की जाए। यह संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सीवर से संबंधित शिकायत मिलने पर त्वरित निराकरण किया जाए। जिसमें पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्र की पेयजल एवं सीवर से संबंधित समस्या से विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल,आयुक्त लोकेश चन्द्राकर एवं संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्व में 15 वे वित्त से कहां कहां पेयजल एवं सीवर लाइन डाली गई है, उसे बंद किया जाए। नगर निगम द्वारा अपील कर कहा गया है कि सभी नागरिक अपने घरों के नल कनेक्शन में वाल्व लगाएं।

## कार्यक्रम : शासकीय शहीद कौशल महाविद्यालय में हुआ दीक्षारंभ समारोह

# नवप्रवेशी विद्यार्थियों का किया स्वागत नवीन शिक्षा नीति की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुण्डरदेही

शासकीय शहीद कौशल महाविद्यालय में सोमवार को दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के दौरान नव प्रवेशी छात्र–छात्राओं का सम्मान करने के साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विषय पर चर्चा की गई।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू किया गया है और छत्तीसगढ़ के प्रत्येक महाविद्यालय में यह कार्यक्रम रखा गया था, उसी के तहत यह कार्यक्रम शासकीय शहीद कौशल महाविद्यालय गुण्डरदेही में आयोजित किया गया। जिसमें गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, पूर्व विधायक राजेंद्र राय, पूर्व महाविद्यालय अध्यक्ष व भाजपा नेता प्रमोद जैन, नगर पंचायत अध्यक्ष रानू हेमंत सोनकर, संजय साहू, पूर्व महाविद्यालय अध्यक्ष एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। प्रभारी प्राचार्य चावले ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में विस्तृत रूप से छात्र–छात्राओं को जानकारी दी, उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत स्नातक पाठ्यक्रम में महत्त्वपूर्ण सुधार किया गया है, इसके तहत 3 या 4 वर्ष के स्नातक कार्यक्रम में छात्र कई स्तरों पर पाठ्यक्रम को छोड़ सकेंगे और उन्हें उसी के अनुरूप डिग्री या प्रमाण–पत्र प्रदान किया जाएगा (जैसे– 1 वर्ष के बाद सर्टिफिकेट, 2 वर्षों के बाद एडवांस डिप्लोमा, 3 वर्षों के बाद स्नातक की डिग्री तथा 4 वर्षों के बाद शोध के साथ स्नातक) विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा स्कूल लाइफ से निकलकर कॉलेज के माहौल में प्रवेश करना छात्रें के लिए कठिन होता है। इसलिए श्दीक्षा आरंभश लॉन्च किया गया है। इसमें ऐसे प्रोग्राम शामिल किए गए हैं जो कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान छात्रें के लिए मददगार साबित होंगे। विधायक ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कार्य, नियमितता तथा व्यवहार के बारे में विचार करते हुए स्वयं को व्यवस्थित करना चाहिए। विद्यार्थियों के जीवन में लक्ष्य एवं महत्वपूर्ण बिंदुओं का समावेश होना जरूरी है।

### जल्द होगा मैदान का समतलीकरण

पूर्व विधायक राजेंद्र राय ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत छात्र–छात्राओं को अपने विषय के अतिरिक्त अन्य विषयों की जानकारी प्राप्त होगी। भाजपा नेता प्रमोद जैन ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस प्रदेश के महाविद्यालय में लागू किया गया है इसके लिए विष्णु देव सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत इस शिक्षा नीति में छात्रें में रचनात्मक सोच, तार्किक निर्णय और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया है साथ ही जैन ने बताया कि कॉलेज परिसर में साइकिल स्टैंड, कॉलेज मैदान के समतलीकरण एवं अतिरिक्त कमरे के लिए लगभग 1.50 करोड़ की राशि शासन द्वारा स्वीकृत की गई है जिसका टेंडर तत्काल करवा का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इससे छात्र–छात्राओं को मूलभूत सुविधा प्राप्त होगी एवं नए कैंटीन के लिए राशि स्वीकृत हुई थी, जो बनकर तैयार है आने वाले समय में उद्घाटन कर इसे शुरू किया जाएगा जिससे छात्र–छात्राओं को लाभ मिल सकेगा।




## महाविद्यालय में नए विद्यार्थियों का स्वागत एक अच्छी परंपरा, माता कर्मा महाविद्यालय गुण्डरदेही में हुआ दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन

**गुण्डरदेही।** माता कर्मा महाविद्यालय गुण्डरदेही में शनिवार को दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों का स्वागत किया गया।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में छात्रों और पालकों को विस्तार से समझाना है। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष रानू हेमन्त सोनकर थीं, अध्यक्षता अध्यक्ष जनभागीदारी समिति सतीश साहू ने की। विशिष्ट अतिथि प्राचार्या एमएल देशमुख, उपाध्यक्ष भोजराज साहू, संजय बारले, डॉ.लीना साहू, जिला संगठक नगर के पार्षद सहित जनभागीदारी समिति के सभी सदस्य, पालक एवं महाविद्यालय के सभी प्रध्यापक उपस्थित रहे, कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार के महत्वपूर्ण योजना एक पेड़ माँ के नामश्के तहत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। जनभागादारी अध्यक्ष सतीश साहू ने कहा कि नए बच्चों का स्वागत और अंतिम वर्ष के बच्चों का विदाई यह एक अच्छी परम्परा है। उन्होंने कहा कि हमारा लगातार प्रयास रहता है कि बच्चे पढ़ाई के साथ–साथ छात्रों को अन्य गतिविधियों से जोड़ें, जिससे उनका व्यक्तिव विकास हो और समझ बढ़े। प्राचार्या एमएल देशमुख ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पढ़ाई के साथ–साथ व्यावसायिक शिक्षा एवं व्यक्तिव विकास जैसे पाठ्यक्रम को शामिल किया गया है। यह छात्रों को लिए लाभदायक है और शिक्षा की गुणवत्ता भी बढ़ेगी।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डिगेन्द्र साहू, प्रभारी डॉ आशारानी दिल्लीवार, सहायक प्राध्यापक हेमन्त साहू, नम्रता चंद्राकर समस्त स्टाप व कालेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




# शिक्षक रणनीति बनाकर पढ़ाएं तो सभी बच्चों को मिलेगा लाभ




हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिला शिक्षा अधिकारी बालोद एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय बाल अधिकार संरक्षण कार्यशाला का आयोजन सोमवार को जिला पंचायत बालोद के सभागार में किया गया।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली के प्रयोजन में आयोजित इस कार्यशाला में जिले के स्कूलों के संस्था प्रमुखों से आरटीई एक्ट 2009 के तहत विस्तृत चर्चा की गई। प्रथम सत्रका शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत बालोद के सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ने शिक्षक की अध्यापन रणनीतियों, समावेशी शिक्षा पर सीखने के प्रतिफलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षक रणनीति बनाकर अध्यापन का कार्य करें, तो निश्चित रूप से कक्षा के सारे बच्चों को इसका सही लाभ मिलेगा। सीईओ डॉ. कन्नौजे ने कार्यशाला में उपस्थित सभी शिक्षकों से अपील की कि यहाँ से जो सीख कर जाएं, उन्हें अपने व्यवहार में जरूर लाएं।



कार्यशाला में जिले के सभी ब्लॉक के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल के संस्था प्रमुख 122 की संख्या में शामिल हुए। वक्ता के रूप में राज्य श्रोत सदस्य डॉक्टर रजनी नेल्सन, जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग की प्राचार्य डॉक्टर शिशिरकला भट्टाचार्य, जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले, जिला नोडल अधिकारी सत्येंद्र शर्मा वक्ता के रूप में मौजूद रहे। वक्ताओं ने बताया कि इस एक्ट के तहत बच्चों को उनकी स्थिति के आधार पर शिक्षा देनी है। उनके साथ व्यवहार सरलतापूर्वक करना है। किसी भी बच्चे को दंड नहीं दिया जा सकता। इसके अलावा 6 से 14 वर्ष के बच्चों को हर हाल में शिक्षा का अधिकार मिलना चाहिए।

### कर्तव्यों के पालन के लिए सजग रहें : डॉ रजनी

कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी एवं पूर्व डाइट प्राचार्य तथा राज्य मुख्य स्रोत शिक्षक डॉ. रजनी नेल्सन ने शिक्षकों को संयमित रहने की बात कही। उन्होंने विद्यार्थियों की वैयक्तिक भिन्नता पर ध्यान रखने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हम शिक्षक होने के नाते जहां अपने कर्तव्य का पालन करने सजग रहें, वहीं हमें व्यावहारिक भी होना पड़ेगा। कार्यशाला में जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि जिले के स्कूलों में आरटीई के नियमों एवं प्रावधानों शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बच्चों का मन कोमल होता है। सभी जानते हैं उसे हम जिस रूप में ढालें ढाल सकते हैं। हमारा दायित्व है प्रत्येक बच्चा अच्छा नागरिक बने इसलिए हमें उनके साथ अच्छा व्यवहार करना होगा।

# प्लास्टिक मैनेजमेंट के संचालन के लिए मिलेगा वाहन, टीम ने देखा ट्रीटमेंट प्लांट

**दुर्ग।** भारत सरकार नई दिल्ली से पहुंचे डायरेक्टर, डी.डी.डब्ल्यू.एस. सपना देवी रेड्डी द्वारा ग्राम पंचायत घुघवा (क) एवं पतोरा, ज.पं. पाटन का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत पतोरा में निर्मित फिकल स्लज ट्रिटमेंट प्लांट, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई, सेग्रीगेशन वर्कशेड, सामुदायिक शौचालय, टायलेट क्लिनिक, ग्राम पंचायत आदि का अवलोकन किया गया।जिपं. सीईओ अश्वनी देवांगन ने बताया कि, जिला दुर्ग के सभी गांव में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सभी गांव में सेग्रीगेशन वर्कशेड में घर-घर कचरा एकत्रीकरण के बाद ठोस अपशिष्ट का सुरिक्षत प्रबंधन किया जा रहा है। प्रत्येक विकासखंड में 01-01 प्लासिटक वेस्ट मैनेजमेंट इकाई स्थापित की गई है, जिसमें विकासखंड के सभी ग्रामों को जोड़ा जायेगा एवं प्लास्टिक के पुनः चक्रण की व्यवस्था की जायेगी। 15 अगस्त को राज्य द्वारा दिये गये निर्देशानुसार उद्घाटन किया जायेगा। प्लास्टिक वेस्ट मैंनेजमेंट यूनिट के सफल संचालन के लिये वाहन की व्यवस्था किये जाने हेतु चर्चा की गई है।




### पतोरा के संचालक की प्रशंसा

ग्राम पंचायत स्तर पर तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु तैयार किये गये सोकपिट, लिचपिट, त्री स्तरीय जल शुद्धिकरण इकाई आदि निर्मित इकाईयों के संबंध में जानकारी देते हुए इन संरचनाओं के निर्माण से ग्रामीणों को पहुंचने वाली सुविधाओं के संबंध में बताया गया। सरपंच अंजीता गोपेश साहू एवं ग्राम पंचायत के समस्त ग्रामीणों की सक्रिय भूमिका के लिये रेड्डी द्वारा प्रशंसा करते हुए कहा गया कि, पतोरा माडल के सफल संचालन के विषय में भारत सरकार नई दिल्ली में जो जानकारी प्राप्त हुई थी। उसे आज यहाँ आकर स्वयं से अवलोकन करने पर बहुत ही प्रशन्नता व्यक्त की।

छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ ने जताया शोक

# सड़क दुर्घटना में तकनीकी सहायक जयराम की मौत

**डौंडीलोहारा।** मनरेगा योजना में कार्यरत जनपद पंचायत कोंटा के तकनीकी सहायक जयराम पोयाम की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार जयराम पोयाम शनिवार अवकाश के दिन कोन्टा ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 120 किलोमीटर दूर आंध्रप्रदेश की सीमा से लगे ग्राम गंगलेर, गोलापल्ली से प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण कर वापस आ रहे थे। वापसी के दौरान हुई दुर्घटना में उन्हें गहरी चोटें आई। वहां के स्थानीय लोगों ने उन्हें भद्राचलम अस्पताल पहुंचाया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। उनका 5 वर्ष का एक बच्चा है तथा उनकी पत्नी गर्भवती हैं। श्री पोयाम की मौत की खबर फैलते ही प्रदेशभर में मनरेगा कर्मचारियों में घटना के प्रति दुख के साथ ही विभागीय व्यवस्था के प्रति गुस्सा दिखाई दे रहा है। छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष ने बताया कि मनरेगा कर्मचारियों पर मनरेगा योजना के अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना सहित पंचायत विभाग के निर्माण का बोझ बढ़ गया है, किंतु मनरेगा योजना के 18 साल होने के बाद भी कर्मचारियों के लिए मानव संसाधन नीति नहीं बनाई गई है। मृत्यु हो जाने पर शासन अनुदान राशि के रूप में मात्र 1 लाख रुपए ही देने का प्रावधान है, जो 12 वर्ष पुराना है। वह भी किसी जिले में मिलती है, तो किसी जिले में नहीं मिलती। उन्होंने सरकार को मनरेगा कर्मचारियों के प्रति संवेदनशीलता पूर्वक विचार करते हुए मृतक की पत्नी को अनुकंपा नौकरी देने के साथ ही 10 लाख अनुदान राशि देने की मांग की है।

# गोंड़वाना समाज मरकाटोला के युवाओं ने स्कूल में लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डोंडी

गोंडवाना समाज मरकाटोला के युवक-युवतियों ने एक पेड़ स्कूली बच्चों के नाम अभियान के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मरकाटोला, शासकीय प्राथमिक शाला, आंगनबाड़ी केंद्र में पौधारोपण किया।

गोंडवाना समाज के युवक बिरेंद उसेंडी ने विद्यार्थियों को पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन में खुशहाली लाते हैं, इससे बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग को रोका जा सकता है। पेड़ पौधे लगाने से पर्यावरण को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। इससे हवा शुद्ध होती है। जलवायु नियंत्रण में मदद मिलती है, मिट्टी सुरक्षित रहती और कई अन्य तरीकों से समग्र पर्यावरण को लाभ होता है। इस अवसर पर संकुल प्रभारी राजु देवदास शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्राचार्य योगेश्वरी लारेंद्र, अनुराधा ठाकुर, करण, सहारे, विरेंद्र उसेंडी, मंजु उसेंडी, निधी दर्रो, मोनिका गावड़े, नेहा उसेंडी, अरुणा गावड़े, यमन कोरेटी, दानेश्वरी कोरेटी, वंदना कुमेटी उमेशवरी दर्रो, अंजली कोरेटी सजना गोटा टामिन दर्रो, भूमिका उसेंडी, धनेश्वरी कुमेटी, भानुप्रिया आचला, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कंचन साहू, सहायिका जयंती आर्य, तामेश रावटे, पुष्पा साहू, पलक टेकाम, राज उसेंडी, भावेश गोटा ने पौधारोपण किया।



# अग्रवाल समाज ने डीजे की धुन पर निकाली कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

श्रावण मास में हरेली अमावस्या के अवसर पर अग्रवाल समाज द्वारा भगवान भोलेनाथ की भव्य व आकर्षक कांवड़ यात्रा निकाली गई। यह कावड़ यात्रा शिवनाथ नदी दुर्ग से प्रारंभ होकर अग्रसेन भवन दुर्ग पहुंची। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल व महासचिव ललित सक्सेरिया ने बताया की युवा मंडल द्वारा आयोजित इस कावड़ यात्रा में बच्चे युवा बुजुर्ग महिलाएं सभी सम्मिलित थे। कावड़ यात्रा में सभी भक्त बोल बम का नारा लगाते हुए संगीत मय भजन में नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे। कावड़ यात्रा के अग्रसेन भवन पहुंचने पर विधायक ललित चंद्राकर एवं महापौर धीरज बाकलीवाल सहित समाज के वरिष्ठ विजय अग्रवाल संरक्षक सुधीर अग्रवाल, कैलाश रुंगटा ने कावड़ यात्रा का पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया एवं कांवड़ियों का उत्साहवर्धन किया। तत्पश्चात सभी कांवरियों ने पार्थिव शिवलिंग पर जलाभिषेक कर आरती की। आरती पश्चात भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की गई थी। अग्रवाल समाज के सचिव दीपक बंसल एवं युवा मंडल के अध्यक्ष हिमांशु अग्रवाल ने बताया की कावड़ यात्रा का यह प्रथम वर्ष था।



# गयाबाई प्राथमिक स्कूल में कराया गया न्यौता भोज

**दुर्ग।** शासकीय गया बाई प्राथमिक शाला गया नगर में दुर्ग ब्लाक के संकुल समन्वयक संघ के द्वारा न्योता भोजन कराया गया। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के तहत शासकीय शालाओ में जनमानस व विभाग के कर्मचारियों के द्वारा न्योता भोजन प्रारंभ किया गया है। जिसमे शाला के 85 बच्चों ने भोजन लाभ किया। उपरोक्त कार्यक्रम में संकुल समन्वयक हरीश देवांगन, अनुपम अग्रवाल, इंद्रेश बंजारे, रामकुमार, संजय चंद्राकर, देवकीनंदन शर्मा, जयंत यादव, नेमसिंह, लीलसिंह वर्मा व समस्त संकुल समन्वयक एवं गया बाई प्राथमिक शाला के शाला परिवार साधना बावनकर, प्रीति साहू रितुराज साहू सर व शिक्षकों ने योगदान दिया।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI ▸ DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### ग्राम घीना में हरेली के अवसर पर लगाए गए पौधे

**बालोद।** ग्राम घीना में रविवार को छत्तीसगढ़ का पारम्परिक त्यौहार हरेली उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 10 पौधों का रोपण किया गया। सभी ग्रामवासियो एवं दूसरे गाँव के नागरिकों के सहयोग से कुछ दिनों बाद ग्राम घीना से लेकर जय हरदे लाल बाबा मंदिर परिसर तक सड़क के दोनों तरफ 10 मीटर के अंतराल में अभी कुछ दिनों के बाद बड़ी संख्या में पौधारोपण किया जाएगा। हालांकि, कार्यक्रम की तिथि तय नहीं हुई है, लेकिन हरेली के अवसर पर 10 पौधे लगाकर इसकी शुरुआत की गई। इस अवसर पर उमेश साहू, गुलशन साहू, शिव कुमार निषाद एवं मोतिन साहू, रूपसिंह रावटे उपस्थित थे।

### कजराबांधा में हरेली पर हुई विविध खेल स्पर्धाएं



**गुण्डरदेही।** प्रदेश भाजपा एवं जिला भाजपा के आह्वान पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी के मार्गदर्शन में शक्ति केंद्र माहुद बी के ग्राम कजराबांधा में हरेली त्योहार के अवसर पर विभिन्न खेल, फुगड़ी, भांवरा, गेड़ी, दौड़ कबड्डी आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों व महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर कार्यसमिति सदस्य अशोक कुमार यादव, शक्ति केन्द्र सह संयोजक विक्रम साहू, ग्रामीण बूथ अध्यक्ष नरोत्तम साहू, भाजपा कार्यकर्ता संतराम साहू, नेधेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### नवीन औद्योगिक नीति के संबंध में हुई चर्चा

**बालोद।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र अंतर्गत विभागीय सिंगल विण्डो सिस्टम 2.0 के संबंध में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में हुआ। कार्यशाला में लघु उद्योग भारती बालोद इकाई के अध्यक्ष दिलीप सांखला, सचिव संदीप टावरी एवं अन्य औद्योगिक इकाई के संचालक उपस्थित हुए। इस दौरान प्रबंधक प्रणय कुमार बघेल द्वारा उद्योगों को 16 विभागों के माध्यम से मिलने वाली 106 सेवाओं को उपलब्ध कराने एवं प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। जिलास्तरीय कार्यशाला में नवीन औद्योगिक नीति के लिए सुझाव के संबंध में उद्योगपतियों द्वारा उद्योग विभाग के अतिरिक्त अन्य विभागों में आने वाली समस्याओं के निराकरण के संबंध में सुझाव भी साझा किए गए।

### ढौर में कांवर यात्रा तैयारी के लिए हुई बैठक

**सेलूद।** ग्राम ढौर में कांवड़ यात्रा समिति के तत्वावधान में बैठक आयोजित किया गया। जिसमें 12 अगस्त को ठाकुराइटोला से पाटन तक जितेंद्र वर्मा संयोजक के नेतृत्व में कांवड़ यात्रा निकाला जाएगा। इस संबंध में यह बैठक किया गया जिसमें गांव के सरपंच दुलारी यादव भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति, हर प्रसाद आडिल, राम भरोसा साहू, रामभगत, रामलाल साहू रोमनाथ साहू बड़े संख्या में महिला युवा उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने की संकल्पित लिए।

### कुम्हारी की विद्या को मिला उद्योग श्री अवार्ड

**कुम्हारी।** दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत गठित जय मां शीतला स्व सहायता समूह की सचिव विद्या चक्रधारी को उद्योग श्री अवार्ड प्रदान किया गया है। यह अवार्ड उन्हे शगुन फाउंडेशन तथा छत्तीसगढ़ महिला मंच रायपुर द्वारा आयोजित होम डेकोर तथा लाईफ स्टाइल प्रोडक्ट की प्रदर्शनी के दौरान दिया गया। विद्या चक्रधारी विभिन्न प्रकार के प्रदर्शनी तथा मेले मे लगातार भाग लेकर अपना आजीविका संवर्धन कर रही है। वे अपने समूह की महिलाओं तथा स्कूली बच्चों को भी मिट्टी बर्तन और अनाज के दानों से राखी बनाना भी सिखाती है।

---

**शिविर : नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए लगाया जा रहा है शिविर**

# जन समस्या निवारण शिविर में मिले 45 आवेदन, 7 का तत्काल हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

जन समस्या निवारण पखवाड़ा के तहत नगर पंचायत गुण्डरदेही में सोमवार को वार्ड नंबर 12 और 13 का सामुदायिक भवन में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 45 आवेदन प्राप्त हुए और 7 आवेदनों का तत्काल प्रभाव से निराकरण किया गया।

जिसमें जगनू राम महोबिया का घरेलू मीटर की स्वीकृति बिजली विभाग के जेई देवांगन द्वारा दी गई। इसके आलावा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 के पीछे गली में स्ट्रीट लाइट व नाली सफाई का कार्य किया गया। एक प्रमाणीकरण का आवेदन दिया गया था, जिसका राजस्व विभाग द्वारा तत्काल निराकरण किया गया।

खाद्य विभाग द्वारा दो नए राशन कार्ड बनाए गए। नगर पंचायत के सामुदायिक भवन में पंखे एवं लाइट बंद थे, जिन्हें सीएमओ कुलदीप झा ने सुधारने का आदेश दिया। शिविर में पूर्व विधायक राजेंद्र राय, पूर्व जिला महामंत्री प्रमोद जैन, नगर पालिका अध्यक्ष रानू हेमंत सोनकर, अश्विनी यादव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष केके राजू चंद्राकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण सोनकर, पार्षद सलीम खान, पार्षद वर्षा रानी चंद्राकर, सौरभ जैन, श्याम सुंदर भूतड़ा सिंघारे व अन्य नागरिक उपस्थित थे।

भाजपा नेता प्रमोद जैन ने सीएमओ कुलदीप झा, बिजली विभाग के जेई देवांगन, तहसीलदार



कोमल ध्रुव, गुण्डरदेही पटवारी, महिला बाल विकास अधिकारी खिलेश्वरी नाग एवं अन्य अधिकारियों से चर्चा कर शिविर स्थल पर ही अधिकारियों को फोन करके आम जनता की समस्याओं का निराकरण करवाया। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि आप सभी इस जन समस्या निवारण शिविर में आकर अपनी समस्याओं का निराकरण करवा सकते हैं।

## शिविर में पहुंचे वार्ड क्र. 14 व 15 के नागरिक, बताई समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- विभिन्न मांगों व समस्याओं से संबंधित कुल 66 आवेदन मिले

राज्य शासन के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्रों में निवास करने वाले आम नागरिकों की मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए जिले के नगरीय निकायों में जन समस्या निवारण शिविर के आयोजन का क्रम निरंतर जारी है।

नगरीय निकायों में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में बड़ी संख्या में नगरीय क्षेत्र के लोगों ने शिविर में उपस्थित होकर अपने मांगों एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान मौके पर उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित अन्य जन प्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी कर्मचारियों ने शिविर में प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए



समुचित कार्रवाई सुनिश्चित की। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा अनेक आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। उल्लेखनीय है कि आज नगर पालिका बालोद के वार्ड क्रमांक 14 पं. दीनदयाल वार्ड एवं 15 शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड निवासियों की मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान राशन कार्ड बनाने के लिए कुल 06, लोक निर्माण विभाग से संबंधित कुल 29, पेयजल से संबंधित 13, राजस्व विभाग से संबंधित कुल 05, विद्युत विभाग से संबंधित कुल 13, प्रधानमंत्री आवास के लिए 03 आवेदनों के अलावा शिविर में जन्म–मृत्यु, शहरी आजीविका मिशन, समाज कल्याण, महिला बाल विकास, भवन अनुज्ञा, सामाजिक पेंशन आदि से संबंधित कुल 66 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। इसी तरह नगर पंचायत डौण्डी में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में कुल 15 आवेदन प्राप्त हुए।

---

# संत रामबालक दास ने मुख्यमंत्री साय से की भेंट, विभिन्न विषयों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

स्थानीय श्री जामड़ी पाटेश्वर आश्रम के संतश्री रामबालक दास महात्यागी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके रायपुर स्थित निवास में सौजन्य भेंट की। इस दौरान जामड़ी पाटेश्वर आश्रम सहित संत समाज, प्रशिक्षित गौसेवकों की समस्या तथा गौशाला समितियों की समस्याओं सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने संतश्री की उपस्थिति में अलग-अलग 5 टोलियों में मिलने पहुँचे प्रतिनिधि मंडलों से चर्चा की। इस दौरान उनकी समस्याओं पर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।



इस दौरान पाटेश्वर संस्थान के मीडिया प्रभारी जयेश ठाकुर, सदस्य अभय श्रीवास्तव, डॉ. बाल कृष्णन, परमजीत सिंह (मोंटी), आशिष यादव, एप्पल नायडू सहित विशाल मोटवानी, स्वाधीन जैन, महावीर ठाकुर एवं प्रदेश संत समिति के महंत हरिशंकर दास, महंत नरेन्द्र दास, महंत गोवर्धन दास तथा प्रदेश

गौशाला समिति के प्रतिनिधिमंडल में विनोद शुक्ला, यशवंत यादव, गोदावरी साहू, भूपेन्द्र वैष्णव, अनील सिंघानिया, कृष्ण कुमार, गणेश अग्रवाल, प्रदेश प्रशिक्षित गौ सेवक समिति के प्रतिनिधिमंडल के चन्द्रशेखर राजपूत, पुष्पकांत शर्मा, युवराज चौधरी, प्रेमलाल दिनकर, डोगेन्द्र झलेन्द्र, विनोद देवांगन, कृष्ण कुमार पाठक, धर्मेश साहू, मनोज भारद्वाज, धनलाल मीरि सहित अन्य उपस्थित रहे।

# ग्राम औसर में किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारत स्वाभिमान न्यास जिला ईकाई बालोद में आचार्य के जन्म दिवस के औसर में औषधीय पौधारोपण किया गया।

शासकीय औद्योगिक संस्था बालोद में महिला पतंजलि प्रभारी मधुमाला, कमला वर्मा एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के प्रशिक्षक भूषण साहू एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। पौधारोपण के पूर्व भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योगपीठ हरिद्वार बालोद के जिला प्रभारी मुकेश आरदा द्वारा जीवन निरोगी कैसे रखें, इस विषय पर संबोधन देते हुए बताया कि आजकल बहुत लोग रोग से पीड़ित



हैं। यदि हम योग को अपने जीवन में अपनाएं तो स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। खान पान पर विशेष ध्यान रखना चाहिए जैसे पानी को घूंट घूंट करके पीएं, भोजन को अच्छी तरह चबाएं, भूख लगने पर ही भोजन करें, प्राणायाम आसन नियमित रूप से करें।

# नंगुटोला में हरेली के अवसर पर किया पौधारोपण, हुई विविध खेल स्पर्धाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल के ग्राम नंगुटोला में हरेली त्यौहार के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण के साथ प्रतिभाओं का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीआर कोमरे थे, अध्यक्षता सरपंच ललित कुमार साहू सरपंच भीमाटोला ने की। विशेष अतिथि हेमकुमार रावटे जनपद सदस्य, फरियाद हुसैन अंसारी ग्राम पटेल, दराज खान, जयप्रकाश आर्य ,पंच रतनलाल यादव,रूपन लाल रावटे, सोहद्राबाई यादव, जामुनबाई आर्य थे। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिभावान विद्यार्थियों को मुख्य अतिथियों द्वारा कक्षा पांचवीं प्रथम अंगद कोमा, द्वितीय देवेंद्र भंडारी, आठवीं में दिपेश साहू, डोमेन्द्र नायक, दसवी



में निशा, लोकेश साहू, 12वीं जितेश रावटे सभी विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं, अतिथियों को ग्रामीणों ने श्रीफल व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। वहीं, पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर फुगड़ी, नारियल फेंक, कबड्डी का आयोजन किया गया। अंत में सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदार कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा साथियों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में जाहिद अंसारी, महमूद अंसारी, संतोष नायक, लोभान सिंह नायक, ग्राम कोटवार किर्तनबाई नान्द्रे सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गीतकार एवं गायक विष्णु कोठारी मीत ने किया।

# शासकीय नवीन महाविद्यालय बेलोदी में हुआ दीक्षारंभ समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

शासकीय नवीन महाविद्यालय बेलोदी में बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ एवं इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें सहायक प्राध्यापक राहुल उपाध्याय तथा अनुपम सुमित तिर्की ने प्रोजेक्टर के माध्यम से विधार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों से अवगत कराया। विद्यार्थियों को जीईसी, वीएसी तथा मूल्यांकन प्रणालियों से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बीरेंद्र साहू थे, तथा अध्यक्षता संस्था प्रमुख प्राचार्य सीएल ठाकुर ने की। विधार्थियों को कड़ी मेहनत से आगे बढ़ने की सीख मुख्य अतिथि ने दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रदीप देवांगन, अतिथि व्याख्याता परमेश्वर साहू, डॉ. प्रविन्यलता मार्कण्डेय, घनश्याम साहू, ओमप्रकाश साहू, गोकुल राम, रूचि वर्मा तथा अन्य कार्यालयीन स्टॉफ तथा महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र, छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बिसनाथ साहू एवं आभार प्रदर्शन डॉ. प्रदीप देवांगन ने किया।

### प्रेमचंद जयंती और यादें रफी का आयोजन

**कुम्हारी।** प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी के तत्वावधान में मुंशी प्रेमचंद जयंती व यादें रफी कार्यक्रम तुम मुझे यूं भुला न पाओगे का सफल आयोजन किया गया । कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुंशी प्रेमचंद जयंती समारोह आयोजित की गई। जिसमें मुंशी प्रेमचंद रचित पंच परमेश्वर कहानी का पाठ रविंद्र कुमार थापा ने किया। जिस पर समीक्षा करते हुए अजय यादव ने अपने विचार रखे। आये हुए अतिथियों ने साहित्य सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जीवनी व उनके द्वारा लिखें साहित्य व उपन्यासों का वाचन कर परिचर्चा किया। कार्यक्रम में मो. रफी की याद में उनके गानों से समा बांधा गया। मो. रफी के गीतों से श्रोताओं का मनमोह लिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि बिलासपुर वरिष्ठ पत्रकार दीपक राई , रायपुर से वीरेंद्र राई, भिलाई से राजेन्द्र राणा व कुम्हारी पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू निषाद भी उपस्थित थे।

**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग – दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग – कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर – मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग – घातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग – लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी–खांसी, स्वांस–दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

**शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में हुआ दीक्षारंभ व प्रवेश उत्सव**

# कॉलेज के नव प्रवेशी विद्यार्थियों का किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- प्राचार्य एवं अतिथियों ने विद्यार्थियों को दी नई शिक्षा नीति की जानकारी

शासन प्रशासन के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य राजू लाल कोसरे के निर्देशन में शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में सोमवार को दीक्षारंभ एवं प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष, भाजपा पवन साहू थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य राजू लाल कोसरे ने की। विशिष्ट अतिथि देवलाल ठाकुर, दिलीप शर्मा, देवेन्द्र जायसवाल, जयेश ठाकुर, जसराज शर्मा, रूपेश सिन्हा, दारा सिंह भौसार्य, सुरेश देशमुख, डोमेन्द्र कुमार देशमुख, प्रेम साहू, हीरा ठाकुर, धमेन्द्र निषाद, प्रकाश जैन, मान सिंह तारम, संदीप जैन, गैंद लाल भंसाली, पलाश गुप्ता, धीरेन्द्र टांक, चिंता राम थे।




**अतिथियों ने लगाए पौधे**

अतिथियों ने महाविद्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। महाविद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों को एक-एक पौधा दिया गया, जिनका उन्होंने रोपण किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार साहू व आभार प्रदर्शन मंयक मंडावी, सहायक प्राध्यापक ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य राजू लाल कोसरे मुख्य अतिथि पवन साहू, देवेन्द्र जायसवाल, देवलाल ठाकुर ने नई शिक्षा नीति के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी एवं शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति में अपने विषय के साथ-साथ अन्य विषयों का भी अध्ययन कर सकते हैं। संस्था प्रमुख राजू लाल कोसरे ने महाविद्यालय की समस्याओं से अतिथियों को अवगत कराया, जिस पर त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। नई शिक्षा नीति 2020 की विस्तृत जानकारी संजय कुमार ठाकुर नोडल अधिकारी ने दी।

online Booking:-www.tripuryatra.com




रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024 तक, 28 जनवरी से 02 फरवरी 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8, 500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411